**संख्या ए-12039/04/2022-स्थापना. III**

**भारत सरकार**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**

**विज्ञापन सं डीएसटी/06/2023- स्थापना-III**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में वरिष्ठ सलाहकार के '01' एक पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं -:**

1. **वेतन मैट्रिक्स में स्तर** : स्तर 15 (रू.1,82,200-2,24,100)
2. **भर्ती की पद्धति** : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)
3. **पद की प्रकृति** : स्थायी
4. **प्रतिनियुक्ति की अवधि** : पांच वर्ष या 60 वर्ष की आयु अर्थात डीएसटी में वरिष्ठ सलाहकार के पद के लिए अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति की आयु तक, जो भी पहले हो।
5. **पात्रता**

केंद्र सरकार, राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेशों, स्वायत्त या सांविधिक संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों, विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी:

(क) जो नियमित आधार पर अनुरूप पद धारक हों या जो अपने मूल संवर्ग या विभाग या संगठन में वेतन मैट्रिक्स (144200-218200 रुपये) के स्तर -14 में न्यूनतम तीन साल की नियमित सेवा कर चुके हों;

**और**

(ख) जो नीचे निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हों:

**अनिवार्य अर्हताएं और अनुभव**

i. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री या अभियांत्रिकी में डॉक्टरेट की डिग्री (बी.टेक या बी.ई. के बाद डॉक्टरेट डिग्री ले चुके अभ्यर्थियों के लिए) अथवा अभियांत्रिकी या प्रौद्योगिकी अथवा मेडीसिन में स्नातकोत्तर की डिग्री।

टिप्पणी 1: अर्हताएं अन्य प्रकार से सुअर्हित अभ्यर्थियों के मामले में लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं।

ii. औद्योगिक या शैक्षणिक संस्थान अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान तथा विकास में 18 वर्षों का अनुभव जिसमें से कम से कम दस वर्षों का अनुभव वरिष्ठ स्तर पर (7वें वेतन आयोग के अनुसार - वेतन मैट्रिक्स (123100 - 215900 रू.) में स्तर 13 या उससे ऊपर) संगठन की आयोजना, प्रशासन, विकास तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के समन्वय में होना चाहिए।

iii. विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के निर्माण, प्रबंधन तथा निर्देशन का अनुभव, और

iv. उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित अनुसंधान कार्य।

__वांछनीय अर्हताएं और अनुभव:__

(क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से प्रमाणपत्र द्वारा साक्ष्यांकित उक्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विज्ञान में पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान या अभियांत्रिक अथवा प्रौद्योगिकी (एम.ई. या एम.टेक. के पश्चात डॉक्टरेट कर चुके अभ्यर्थियों के लिए) या मेडीसिन में डॉक्टरेट की डिग्री और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य का प्रकाशन।

(ख) उत्कृष्ट अग्रता क्षमता हो और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण हो तथा वरिष्ठ स्तर पर स्वतंत्र दायित्वों के निर्वहन हेतु सक्षमता हो।

(ग) विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रमुख कार्यक्रम के निर्माण, प्रबंधन तथा विकास का व्यापक अनुभव हो जिसमें निम्नलिखित शामिल होने चाहिए:

(i) शीर्ष स्तर पर विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी अभिशासन, नीति एवं आयोजना;

(ii) आधारभूत अनुसंधान एवं विकास तथा मानव संसाधन विकास का संवर्धन;

(iii) वैज्ञानिक संस्थान का निर्माण, नए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा अनुसंधान सुविधा केंद्रों के नाभिकन, विकास से संबंधित मुद्दे;

(iv) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अंतर्विभागीय तथा अंतरसंस्थान समन्वय एवं सहयोग; और

(v) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में सार्वजनिक-निजी भागीदारियां।

**टिप्पणी:** अनिवार्य अर्हता प्राप्त करने में व्यतीत हुई अवधि को अनुभव में नहीं जोड़ा जाएगा। तथापि, किसी विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान में पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान में व्यतीत अवधि जिसे उक्त विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा साक्ष्यांकित किया गया हो, और अधिकतम दो वर्षों की अवधि के अध्यधीन अनुसंधान कार्य के प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन को अनुभव में जोड़ा जाएगा।

**आयु सीमा:** ऊपरी आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**6. __सामान्य__**

i. विभाग बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नियुक्ति को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ii. विहित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और उक्त अर्हताएं धारित करने मात्र से कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने का हकदार नहीं होगा। यदि विज्ञापन के उत्तर में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होंगे तो सुनिर्धारित मानदंडों जिनमें वांछनीय अर्हताएं होना और/या विज्ञापन में विहित अनुभव होना और/अथवा विभाग की विशिष्ट अपेक्षा के अनुरूप किसी क्षेत्र विशेष में अर्हताएं/अनुभव रखना शामिल होगा, के आधार पर विभाग द्वारा लघुसूचीयन प्रक्रिया के जरिए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तर्कसंगत रूप

में सीमित रखी जाएगी। साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाए गए/नियुक्ति हेतु नहीं चयन किए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**किसी प्रकार की संयाचना करने से अभ्यर्थिता निरर्ह हो जाएगी।**

iii केंद्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित अन्य संवर्ग-बाहय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

iv चयनित उम्मीदवारों को भारत सरकार की अपेक्षाओं के अनुसार कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

v नियुक्ति के नियम और शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009-स्था। (वेतन II) दिनांक 17.06.2010 के अनुसार होंगी।

vi दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित आवेदन का मूल्यांकन खोज-सह-चयन समिति द्वारा प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) आधार पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय, किया जाएगा। पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

vii इस पद पर चयनित अभ्यर्थी द्वारा, उनकी नियुक्ति की औपचारिकता पूरी होते ही या वर्तमान पदधारी के पद छोड़ते ही, जो भी बाद में हो, कार्यभार ग्रहण करना अपेक्षित है। तदनुसार अभ्यर्थी से ब्रीफिंग/अभिविन्यास कार्यक्रम आदि के लिए उपलब्ध होने की प्रत्याशा की जाती है।

7. **आवेदन कैसे करें**: आवेदन प्रक्रिया में दो चरण शामिल हैं:

I. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना

(क) योग्य उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे केवल ऑनलाइन पोर्टल **https://recruitment.dst.gov.in/** के माध्यम से वैध ईमेल आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन करने के लिए यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 45 दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा।

(ख) उम्मीदवार से अपेक्षित है कि वह ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और संबंधित प्रमाण पत्र / दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन पत्र भरने का निर्देश **https://recruitment.dst.gov.in/** पर उपलब्ध है।

**टिप्पणी 1:** विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रमाण पत्र को भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा समतुल्यता प्रमाण पत्र के रूप में प्रमाणित किया जाना होगा। हालांकि, ऐसे मामले में जहां एआईयू उन विषयों में विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई ऐसी पेशेवर डिग्री की समतुल्यता के आवेदनों पर विचार नहीं करता है जो वर्तमान में एआईयू के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं और जहां ऐसे मामलों को संबंधित पेशेवर परिषदों (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा निपटाया जाता है, वहाँ आवेदक को ऐसी पेशेवर परिषद द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण पत्र अपलोड करने की आवश्यकता है। उम्मीदवारों को अपेक्षित होने पर अपने सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

**टिप्पणी : 2** यदि आवेदक इस समय राज्य सरकार / पीएसयू / स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि में कार्यरत हो, जहां वेतनमान केंद्र सरकार के वेतनमान के समरूप नहीं है, वहाँ आवेदक को राजपत्र अधिसूचना/ सरकारी आदेश को अपलोड करना होगा जिसमें राज्य सरकार/ पीएसयू / स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि में देय वेतनमान केंद्र सरकार में सातवें सीपीसी के तत्समान वेतनमान/ स्तर के बराबर कर दिया गया हो। इस संबंध, ऐसी समतुल्यता मुहैया कराने का दायित्व आवेदक का होगा और ऐसे मामलों में विभाग का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**II: पंजीकृत या स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करना:**

(क) कंप्यूटर जनित आवेदन (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित) की हार्ड प्रति रखनी चाहिए। संलग्न दस्तावेज़/प्रमाण पत्र के प्रिन्ट आउट को आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ अग्रेषित करना अपेक्षित नहीं है।

(ख) सरकारी विभागों/ सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों/ स्वायत्त संगठनों/ विश्वविद्यालयों/ मान्य शोध संस्थानों **में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए। ऐसे आवेदनों पर तभी विचार**

**किया जाएगा, जब वे निर्धारित समय सीमा के भीतर विहित संरूप (अनुलग्नक- I) में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित 'प्रमाणपत्र' के साथ उचित माध्यम से प्राप्त होंगे।**

(ग) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, भले ही ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि से पहले भरा गया हो। इसलिए, ऐसे उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने विभाग/संगठन में अपने आवेदनों का अनुवर्तन करें और सुनिश्चित करें कि उनके आवेदन, संपूर्ण रूप में भरे हुए हों और उनके सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित होकर इस विभाग में निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त हो जाएं। साथ ही, किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। डाक में देरी या संबंधित अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा अग्रेषण में देरी आदि सहित **किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में कोई ढील नहीं दी जाएगी।**

(घ) पिछले पांच वर्षों के एसीआर / एपीएआर की अनुप्रमाणित प्रतियों के साथ उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन पत्र **अवर सचिव (स्थापना- III), कमरा सं 344, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, प्रौद्योगिकी भवन, नया महरौली रोड, नई दिल्ली-110016** को पंजीकृत डाक द्वारा या स्पीड पोस्ट द्वारा 15 दिनों (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लद्दाख, लाहौल और स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी उप मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों हेतु 30 दिन) के अंदर ऑनलाइन पोर्टल के बंद करने की अंतिम तिथि (अर्थात इम्प्लॉइमन्ट न्यूज/ रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन), के अंदर उचित माध्यम से अग्रेषित किया जा सकता है। ऐसे संगठन/संस्थान के कर्मचारी को (जो अन्यथा आवेदन करने के पात्र हैं) जिनके संगठन/संस्थान के पास एपीएआर/एसीआर रिकॉर्ड करने की प्रणाली नहीं है, अपने संगठन/संस्थान के प्रमुख द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले पांच वर्षों के अपने कार्य प्रोफाइल और ग्रेडिंग को उचित माध्यम से आवेदनों के साथ प्रस्तुत करना होगा ताकि वे ऑनलाइन पोर्टल के बंद होने की तारीख से 15 दिन (दूरस्थ क्षेत्रों के लिए 30 दिन) के भीतर पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा इस विभाग तक पहुंच जाएं। **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सामान्य डाक या कुरियर के माध्यम से आवेदन न भेजें।**

(ड.) निर्धारित समय और तिथि के भीतर प्राप्त आवेदनों की सूची आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद डीएसटी की वेबसाइट पर पोस्ट की जाएगी।उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदनों की स्थिति की जांच करें। इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन (निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों की सूची में नाम शामिल न करना) निर्धारित समय सीमा के भीतर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में आवेदन सुपुर्दगी के संगत प्रमाण सहित वेबसाइट पर सूची पोस्ट करने की तारीख के सात दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जा सकता है।

आवेदनों की अग्रिम प्रतियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**टिप्पणी: 17-23 सितंबर, 2022 के रोजगार समाचार संस्करण में प्रकाशित पिछला विज्ञापन संख्या DST/06/2022-Estt.III प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। पिछले विज्ञापन संख्या DST/06/2022-Estt.III के तहत पहले जमा किए गए आवेदनों पर वर्तमान चयन प्रक्रिया के तहत भर्ती के लिए विचार नहीं किया जाएगा। हालाँकि, ऐसे उम्मीदवार जो वर्तमान चयन प्रक्रिया के तहत भर्ती के लिए विचार करना चाहते हैं, उन्हें वर्तमान विज्ञापन संख्या DST/06/2023-Estt.III के तहत नए सिरे से आवेदन करना होगा।**

विज्ञापन के अंग्रेजी और हिंदी अनुवादों के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, विज्ञापन का अंग्रेजी अनुवाद अभिभावी होगा।

विनोद कुमार शर्मा

**(विनोद कुमार शर्मा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

अनुलग्नक-।

<u>प्रमाण-पत्र</u>

(संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी किया जाए)

i. प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री ................................. ने दिनांक ............... को इस संगठन में ............ पद पर कार्य भार ग्रहण किया और ............ पद पर वर्तमान में कार्य कर रहे हैं/रही हैं।

ii. प्रमाणित किया जाता है कि इनके विवरणों को सत्यापित कर दिया गया है और सही पाया गया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि कोई अनुशासनिक/सतर्कता कार्यवाही अधिकारी के विरुद्ध लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रामाणित है।

iii. श्री/ श्रीमती/सुश्री ................ के आवेदन की अनुशंसा की जाती है। उनका चयन हो जाने पर विभाग/संगठन उन्हें भारमुक्त कर देगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के संबंध में कैडर क्लीयरेंस भी प्राप्त कर लिया गया है

iv. विगत पांच वर्षो की एसीआर/एपीएआर की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं।

v. पिछले दस वर्षों के दौरान लगाए गए बड़े और/या छोटे जुर्माने, यदि कोई हो, को दर्शाने वाला विवरण भी संलग्न है।

संगठन/ कार्यालय प्रमुख
के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर

स्थान:

दिनांक: